
ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 03 जून 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 65

अहमदाबाद में 24 घंटे में कोरोना के 60 केस:देश में एक्टिव केस 4 हजार पार; महाराष्ट्र में दो की जान गई; अब तक 38 मौतें



देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 60 केस मिले हैं। राजकोट में SP हिमकर सिंह भी कोरोना पॉजिटिव हैं। वे फिलहाल होम आइसोलेशन में हैं। देशभर में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना से 5 लोगों की मौत भी हुई है। इनमें केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एक-एक और महाराष्ट्र में दो मौतें हुई हैं। जनवरी से अब तक देश में कोरोना से 38 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 31 की मौत बीते 4 दिन में हुई हैं। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 10 मौतें हुई हैं। भारत में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 4 हजार के पार हो गया है। अभी देश में कुल 4,026 एक्टिव केस हैं। इनमें 50% केस सिर्फ महाराष्ट्र और केरल में है। केरल में सबसे ज्यादा 1,446 एक्टिव केस हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 494, गुजरात में 397 और दिल्ली में 393 मामले हैं।

देश में 22 मई से कोरोना के मामले लगभग 15 गुना बढ़े हैं। 22 मई को देश में सिर्फ 257 एक्टिव मामले थे। 31 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 3,395 हो गया था। उसके बाद से केस लगातार बढ़ रहे हैं। 2700 मरीज ठीक भी हुए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा- कोविड की अगली महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, बल्कि यह अभी भी एक्टिव है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से सैंपल कलेक्शन सेंटर और ट्रांसपोर्ट पॉलिसी को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी मांगी है।कोर्ट ने कहा कि 30 मई 2023 को हुई बैठक के बाद जो भी निर्णय लिए गए, उन्हें लागू करने में अगर कोई खालीपन है तो यह गंभीर मामला है। जस्टिस गिरीश कथपालिया ने कहा कि यह मानकर चलना चाहिए कि जरूरी कदम और प्रोटोकॉल तय किए जा चुके होंगे, लेकिन संबंधित अधिकारियों को इसे रिकॉर्ड पर लाना चाहिए।

केंद्र सरकार ने कहा- कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी

केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा- स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।

उन्होंने आगे कहा कि पिछली कोविड लहरों के दौरान बने ऑक्सीजन प्लांट, ICU बेड जैसी चीजों की समीक्षा हो चुकी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां जारी हैं।

PAK के लिए जासूसी के शक में पंजाब से गिरफ्तारी:ऑपरेशन सिंदूर की जानकारियां भेज रहा था; मोबाइल में ISI एजेंटों के नंबर



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पंजाब के तरनतारन से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वह ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी सैन्य जानकारियां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI को भेज रहा था। आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर गली नजर सिंह वाली के गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट और तरनतारन पुलिस ने की है। DGP गौरव यादव के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गगनदीप सिंह 5 साल से पाकिस्तान में बैठे खालिस्तान समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था। चावला के जरिए ही उसका परिचय पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से हुआ था। आरोपी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत में सेना की गतिविधियों, सैनिकों की तैनाती और रणनीतिक ठिकानों की सूचनाएं पाकिस्तान से साझा की थीं, जो देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकती थीं।

बता दें कि अब तक पंजाब से जासूसी के शक में 5 व्यक्ति पकड़े जा चुके हैं, जिनके पाकिस्तान से कनेक्शन मिले हैं।

पुलिस ने जांच शुरू की

पुलिस और खुफिया एजेंसियां आरोपी के फाइनेंशियल और टेक्निकल नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही हैं, ताकि इस जासूसी नेटवर्क का पूरा खुलासा हो सके। शुरुआती सबूतों के आधार पर तरनतारन सिटी पुलिस स्टेशन में ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत FIR दर्ज की गई है और कार्रवाई जारी है।

पंजाब से बीते 1 महीने में पंजाब पुलिस और खुफिया एजेंसियां 5 जासूसों को पकड़ चुकी हैं। ये आरोपी लगातार पाकिस्तानी एजेंटों के संपर्क में थे। पाकिस्तान में लगातार की गई कॉल्स के बाद खुफिया एजेंसियों और पंजाब पुलिस को इन पर शक हुआ।

भारत की इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए थे, लेकिन 10 मई को सीजफायर कर दिया गया। इसके बाद से लगातार भारत की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं, देश में छिपे गद्दारों को खोजकर निकाल रही हैं।

पंजाब में सिंदूर पर सियासत तेज:CM मान बोले- क्या यह वन नेशन-वन हसबैंड स्कीम है?; वड़िंग ने कहा- महिलाएं पीटेंगी



पंजाब में ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर राजनीति गरमा गई है। सिंदूर घर-घर भेजने के मुद्दे पर CM भगवंत मान ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा- क्या यह वन नेशन-वन हसबैंड स्कीम है? सिंदूर का मजाक उड़ाया जा रहा है।

इससे पहले पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने भी बीजेपी को घेरा था। उन्होंने कहा कि सिंदूर पर महिलाओं के पति का हक है। उन्होंने पंजाब बीजेपी के नेताओं को सलाह दी कि घर-घर सिंदूर न भेजना, वर्ना पंजाबी महिलाएं उन्हें पीटेंगी।

कैबिनेट मीटिंग के बाद CM ने बयान दिया

दरअसल, मंगलवार को CM भगवंत मान कैबिनेट मीटिंग के बाद मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे थे। इस दौरान उनसे पूछा गया कि बीजेपी नेता सिंदूर के नाम पर वोट मांग रहे हैं। इस पर CM ने कहा कि यह बहुत ही दुखदायी है। सिंदूर का मजाक उड़ाया जा रहा है।

सिंदूर लेकर गए तो महिलाएं पीटेगी

वहीं, कांग्रेस प्रधान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में क्या हुआ, सब जानते है। हम अपनी भारतीय सेना को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले अब सिंदूर लेकर लोगों के घर-घर न चले जाए। ये पंजाब की औरतें हैं, बीजेपी वालों को पीटेंगी। सिंदूर पर केवल महिला के पति का हक है।

उन्होंने कहा- महिलाएं केवल अपने पति की लंबी उम्र के लिए सिंदूर लगाती हैं। बिट्टू जी (केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू), ध्यान रखो। सिंदूर के नाम पर जाखड़ साहब और बिट्टू साहब दुकानदारी चलाना चाहते हैं। लोग उन्हें नंगे पांव मोड़ेंगे।

महिलाओं का मजाक बना रहे हैं सीएम

CM के बयान के बाद पंजाब बीजेपी के सीनियर नेता व प्रवक्ता विनीत जोशी ने कहा है कि इस तरह का बयान देकर पंजाब सीएम भगवंत मान उन हिंदू महिलाओं का मजाक बना रहे हैं, जो सिंदूर में विश्वास रखती हैं। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है।

दरअसल, इन दिनों लुधियाना में चुनावी माहौल है। यहां पश्चिम सीट पर विधानसभा उपचुनाव होने वाला है। इसके लिए जब सोमवार को बीजेपी के उम्मीदवार जीवन गुप्ता नामांकन भरने गए थे। इसके बाद दावा किया जा रहा है कि बिट्टू ने कहा था कि लोग ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर मतदान करें। इसके बाद से यह सारा विवाद शुरू हुआ है।

वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल लॉन्च करेगी सरकार:6 जून को लॉन्च होगा उम्मीद पोर्टल; 6 महीने के अंदर सभी संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन जरूरी



केंद्र सरकार 6 जून को 'उम्मीद' पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। 'उम्मीद' का पूरा नाम है- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा।

रजिस्ट्रेशन के लिए दो महीने का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है

रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राज्य वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो 1 से 2 महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा।

वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले फायदों का अहम मकसद महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को मदद देना रहेगा। यह पोर्टल हाल ही में पास हुए वक्फ (संशोधन) बिल, 2025 के तहत लॉन्च किया जा रहा है। यह बिल संसद में बहस के बाद पास हुआ था और 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दी थी।

'ट्रंप के आगे सरेंडर कर गए पीएम मोदी', राहुल का तंज



भोपाल : ऑपरेशन सिंदूर पर सियासत जारी है. लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से मोदी सरकार को निशाने पर लिया है. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति के आगे झुक गए, लेकिन अगर उनकी जगह कांग्रेस होती, तो कभी भी ऐसा नहीं करती. राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोन कॉल पर पीएम मोदी ने सरेंडर कर दिया, लेकिन कांग्रेस किसी भी सुपरपावर के आगे नहीं झुकती है. राहुल ने ये बातें भोपाल में कहीं. वह सोमवार को एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे. भाजपा पर बरसते हुए राहुल ने कहा कि आरएसएस और भाजपा का एक चरित्र है, दोनों हमेशा झुकते हैं. 1971 के घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि दबाव कांग्रेस पर भी था, लेकिन फिर भी हमने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपरपावर्स के आगे झुकते नहीं हैं, बल्कि उनसे लड़ते हैं.

राहुल गांधी ने आरएसएस पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि आजादी के समय से ही इन्हें सरेंडर वाली चिट्ठी लिखने की आदत है. उन्होंने कहा कि इन पर जरा सा दबाव डालो, थोड़ा बहुत पुश करो, ये तुरंत सरेंडर कर देंगे. लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं करती है. अगर आपको जानना हो, तो नेहरू, गांधी, पटेल ऐसे ढेरों उदाहरण भरे पड़े हैं.

5 विवादित इलाकों में बॉर्डर पिलर लगाएंगे असम-मेघालय:15 अगस्त तक पूरा होगा काम; इन्हें लेकर 2022 में हुआ था समझौता



असम और मेघालय के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में दोनों राज्यों ने एक अहम कदम उठाया है।

दोनों राज्यों की सरकारों ने सोमवार को घोषणा की कि 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस तक पांच विवादित इलाकों में बॉर्डर पिलर लगाए जाएंगे। यह जानकारी दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दी।

ये पांच इलाके उन छह विवादित क्षेत्रों में शामिल हैं, जिनमें से कुल 12 विवादित क्षेत्रों को सुलझाने के लिए असम और मेघालय ने मार्च 2022 में एक समझौता किया था। गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, 'जिन छह क्षेत्रों को लेकर समझौता हुआ था, उनमें से पांच में 15 अगस्त तक बॉर्डर पिलर लगाने की कोशिश करेंगे। इनमें से एक इलाके को लेकर कुछ असहमति है।

उन्होंने कहा कि मेघालय ऐसा गांव चाहता है जो हमारे हिस्से में आया है, लेकिन उन्होंने भरोसा दिलाया है कि उसके बदले हमें उतनी ही जमीन दी जाएगी। हमने एक हफ्ते का समय मांगा है ताकि हम इस पर विचार करके उन्हें जवाब दे सकें।

छठे क्षेत्र के बारे में सरमा ने बताया कि यह पीलिंगकाटा क्षेत्र है और इसमें विवाद की व्याख्या को लेकर मतभेद है। इसके समाधान के लिए दोनों राज्यों के डिप्टी कमिश्नर आपस में बैठक करेंगे।

मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने कहा, 'छोटे-छोटे मुद्दों को सुलझाया जा रहा है और पांच क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस तक बॉर्डर पिलर लगाए जाने की उम्मीद है। सीमा विवाद का सही समाधान हमारे रिश्तों में एक अहम उपलब्धि है।'

SBI 'हर घर लखपति स्कीम' की ब्याज दरों में कटौती:लखपति बनने के लिए हर महीने जमा करने होंगे 610




24 न्यूज अपडेट

भारतीय स्टेट बैंक यानी SBI ने 'हर घर लखपति' स्कीम की ब्याज दरों में 0.20% की कटौती की है। इसमें अब सामान्य नागरिकों को अधिकतम 6.55% और वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटिजन) को अधिकतम 7.05% सालाना ब्याज मिलेगा। 'हर घर लखपति' एक खास रिकरिंग डिपॉजिट (RD) स्कीम है। इस स्कीम के तहत आप हर महीने छोटी-छोटी रकम जमा करके एक लाख या इससे ज्यादा रुपए इंतजाम कर सकते हैं। इसमें 10 साल तक हर महीने 610 रुपए जमा करने पर आपका 1 लाख रुपए का फंड तैयार हो जाएगा।

सबसे पहले समझें RD क्या है?

रिकरिंग डिपॉजिट या RD बड़ी बचत में आपकी मदद कर सकती है। आप इसका इस्तेमाल गुल्लक की तरह कर सकते हैं। मतलब आप इसमें हर महीने सैलरी आने पर एक निश्चित रकम डालते रहें और इसके मैच्योर होने पर आपके हाथ में बड़ी रकम होगी। हर घर लखपति का मैच्योरिटी पीरियड आमतौर पर 3 साल से 10 साल तक रहता है। यानी आप 3 साल से 10 साल तक के लिए निवेश कर सकते हैं। रिकरिंग डिपॉजिट (RD) से होने वाली ब्याज आय अगर 40 हजार रुपए (सीनियर सिटिजन के मामले में 50 हजार रुपए) तक है तो इस पर आपको कोई टैक्स नहीं देना होता। इससे ज्यादा आय होने पर 10% TDS काटा जाता है। टैक्स के दायरे में नहीं तो फॉर्म 15H-15G करें जमा अगर आपकी RD से सालाना ब्याज आय 40 हजार रुपए (सीनियर सिटिजन के मामले में 50 हजार रुपए) से अधिक है, लेकिन आपकी कुल सालाना आय (ब्याज आय मिलाकर) उस सीमा तक नहीं है, जहां उस पर टैक्स लगे तो बैंक TDS नहीं काटता है।

1 लाख के पार निकली चांदी:2,699 बढ़कर 1,00,460 किलो पर पहुंची, सोना भी 187 महंगा होकर 96,867 हुआ



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 3 जून को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 187 बढ़कर 96,867 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 96,680 प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं चांदी का भाव 2,699 बढ़कर 1,00,460 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 97,761 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

सेंसेक्स 636 अंक गिरकर 80,737 पर बंद:निफ्टी भी 174 अंक फिसला, एनर्जी और बैंकिंग शेयरों में ज्यादा गिरावट रही



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 3 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 636 अंक गिरकर 80,737 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 174 अंक की गिरावट रही। ये 24,542 के स्तर पर बंद हुआ।

आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट और सिर्फ 1 में बढ़त रही। वहीं निफ्टी 50 के 43 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग, IT और एनर्जी शेयर्स ज्यादा गिरावट रही।

NSE के प्राइवेट बैंक के इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.17% की गिरावट रही। जबकि IT, सरकारी बैंक, ऑयल एंड गैस और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स में 0.50% से ज्यादा की गिरावट रही।

संपादकीय : शौर्य और संसाधन

दुनिया भर में दिनोंदिन सामरिक चुनौतियां बढ़ रही हैं। हथियारों को अधिक मारक, कारगर और रणनीतिक रूप से सक्षम बनाने की होड़ तेज हो रही है। इसलिए हथियारों का बाजार लगातार विस्तृत हो रहा है। बहुत सारे देश प्रतिरक्षा व्यय में बढ़ोतरी करते देखे जाते हैं। अब आमने-सामने के युद्ध का दौर लगभग समाप्त हो गया है। हवाई और लक्षित हमले से दुश्मन को पराजित करने की कोशिश की जाती है। फिर, अब कोई भी युद्ध केवल दो देशों का मामला नहीं रह गया है। इसमें बहुध्रुवीय रणनीति अपनाई जाने लगी है। ऐसे में भारत युद्ध की स्थितियों से निपट पाने में कितना सक्षम है, इसका आकलन स्वाभाविक है। पिछले दिनों पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए तो उसके नतीजों को केवल दुश्मन देश के मुकाबले अपने शौर्य प्रदर्शन तक सीमित करके नहीं देखा जा रहा। उसमें देश की सेना ने अपनी तैयारियों, कमियों और तकनीकी क्षमता का भी आकलन करना शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि युद्ध का मैदान अब कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग, एलएलएम और क्वांटम तकनीक से संचालित हो रहा है। हमें अपनी नीति, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन को नए सांचे में ढालना होगा । हालांकि पिछले नौ-दस वर्षों में भारत ने अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को अत्याधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। वायुसेना को अत्याधुनिक बमवर्षक विमानों, उन्नत संचार प्रणाली युक्त, ध्वनि से कई गुना तेज गति की मिसाइलों आदि से सुसज्जित किया गया है। रक्षा अनुसंधान पर विशेष बल दिया गया है। स्वदेशी तकनीक से विश्वस्तरीय बमवर्षक विमान और पनब्बियां तैयार की जा रही हैं। इसके बावजूद भारतीय सेना दुनिया के अत्याधुनिक हथियारों के सामने खुद को पूरी तरह सक्षम नहीं महसूस कर पाती। कुछ दिनों पहले वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि सेना से संबंधित परियोजनाएं समय पर पूरा नहीं हो पाती हैं। हालांकि सरकार का दावा है कि भारत जल्दी ही दुनिया के प्रमुख आयुध सामग्री आपूर्तिकर्ता देशों की कतार में शामिल होगा। अब बहुत सारे उपकरण और साजो-सामान स्वदेशी तकनीक से देश के भीतर ही तैयार कर लिए जाते हैं। हथियार के मामले में दूसरे देशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। मगर, जब वायुसेना प्रमुख और रक्षा अध्यक्ष संगठनात्मक ढांचे और रक्षा उपकरणों के मामले में बदलाव की बात कर रहे हैं, तो निस्संदेह इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। भारत वेशक कभी युद्ध के पक्ष में नहीं रहता, हमेश शांति और सौहार्द की नीति का हिमायती रहा है, मगर पाकिस्तान और चीन की तरफ से उसे लगातार जिस तरह की चुनौतियां मिलती रहती हैं, उसमें वह अपने पारंपरिक हथियारों के जखीरे पर भरोसा करके नहीं चल सकता। पाकिस्तान के साथ संघर्ष में चीन के पाकिस्तान के पीठ पीछे खड़ा हो जाने से कड़ी चुनौती महसूस की गई। इससे भारतीय सेना के लिए नए ढंग से रणनीतिक तैयारी की जरूरत रेखांकित हुई। निस्संदेह भारतीय सेना ने जिस तरह पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों का लक्ष्य भेदन किया, उससे पूरी दुनिया ने माना कि भारत अत्याधुनिक सामरिक तकनीक का उपयोग करने में सक्षम है। फिर भी बड़ी चुनौती चीन के साथ है, जो उन्नत हथियारों के मामले में अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, रूस आदि बड़े हथियार उत्पादक देशों से लगातार प्रतिस्पर्धा करता रहा है। उम्मीद की जा सकती है कि सरकार सेनाधिकारियों के बयानों को गंभीरता से लेगी।

संवेदनहीनता की हद

बिहार के मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग लड़की से दरिंदगी और फिर उसके इलाज में लापरवाही पूरी व्यवस्था को शर्मसार करने वाली है। बलात्कार और बर्बरता झेलने के बाद जीवन के लिए संघर्ष कर रही मासूम ने रविवार को पटना के एक बड़े सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना ने मानवीय संवेदना को झकझोर दिया है। राज्य में कानून व्यवस्था पर तीखे सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते मुजफ्फरपुर के उसके गांव में इस मासूम लड़की को दरिंदगी का शिकार बनाया गया था। आरोपी ने न केवल उससे बलात्कार किया, बल्कि धारदार हथियार से हमला कर उसे मारने की भी कोशिश की थी। पीड़िता को बीते शनिवार को गंभीर हालत में पटना मेडिकल कालेज एवं अस्पताल लाया गया था। परिजनों का दावा है कि अस्पताल में बिस्तर उपलब्ध न होने का हवाला देकर जिंदगी और मौत से जूझती उनकी बेटी को कई घंटे तक एंबुलेंस में ही इंतजार कराया गया। मामले के तूल पकड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी । यह घटना वास्तव में अस्पताल प्रशासन के साथ-साथ समूचे सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता को उजागर करती है। सवाल है कि बच्ची जिस हालत में थी, उसके लिए इतने बड़े अस्पताल में क्या तत्काल इलाज की व्यवस्था नहीं की जा सकती थी । क्या अस्पताल प्रबंधन ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेने में इसलिए लापरवाही बरती कि वह कमजोर और गरीब तबके से थी? अव्वल तो कानून- व्यवस्था उस बच्ची को एक सुरक्षित जीवन देने में नाकाम रही, फिर जब उसके साथ बर्बरता हुई तो समय पर इलाज उपलब्ध कराने के मामले में भी उसकी त्रासद उपेक्षा की गई। बिहार में बढ़ते अपराध के बीच यह घटना एक झलक भर है कि वहां अपराधियों का दुस्साहस क्यों बढ़ रहा है और उसकी मार समाज के कमजोर वर्गों को क्वें झेलनी पड़ती है। सवाल है कि इलाज में देरी के लिए कौन जिम्मेदार है और ऐसा क्यों होने दिया गया। इसकी जवाबदेही तय कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बिहार में मौजूदा सरकार सुशासन की दुहाई देती नहीं यकती, लेकिन हकीकत इसके उलट दिख रही है।

पति बनता था भाई, पत्नी बनती थी दुल्हनःफर्जी शादी कर लाखों रुपए लूटे, MP और राजस्थान में फैलाया जाल



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ की डूंगला पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपी महिला और उसके पति को रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया था, जो अभी जेल में है। आरोपी महिला 25 से ज्यादा फर्जी शादियां कर लोगों से लाखों रुपए ऐंठ चुकी हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हर बार उसकी शादी करवाने वाला उसका अपना पति ही होता था, जो खुद को उसका भाई बताकर लोगों को झांसे में लेता था।

सवाई माधोपुर जेल में बंद थी लुटेरी दुल्हन

डूंगला थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया कि यह मामला किशन करेरी गांव निवासी नेमीचंद कुमावत की शिकायत पर सामने आया। नेमीचंद ने साल 2024 में रिपोर्ट दो थी जिसमें उसने बताया था कि उसकी शादी यूपी की रहने वाली अनुराधा पासवान से हुई थी। कुछ दिन साथ रहने के बाद अनुराधा 2 लाख रुपए लेकर भाग गई।

शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। कई महीनों बाद पता चला कि अनुराधा पहले से ही एक मामले में सवाई माधोपुर जेल में बंद है। जब पुलिस वहां पहुंची तो पता चला कि वह जमानत पर छूट चुकी है। पुलिस उसको प्रोडक्शन वारंट के जरिए पकड़ना चाहती थी। इसमें बाद पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी।

भरतपुर से पकड़ी गई अनुराधा, भाई निकला पति

डूंगला पुलिस को सूचना मिली कि अनुराधा भरतपुर में है। पुलिस ने वहां दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जो खुलासे हुए, वो चौंकाने वाले थे। अनुराधा ने बताया कि वह अपने पति के साथ मिलकर यह पूरा ठगी का खेल खेलती थी। उसका पति विशाल कुमार पासवान खुद को उसका भाई बताकर लोगों से मिलता और रिश्ता तय करवाता था।

डूंगला के पास ही घूम रहा था पति, पुलिस ने दबोचा

अनुराधा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को जानकारी मिली कि उसका पति विशाल कुमार पासवान भी डूंगला क्षेत्र में ही घूम रहा है। पुलिस ने उसे जमानत की बात कहकर पकड़ लिया। वह भी इस मामले में वांटेड था।

दो बच्चों की है आरोपी महिला

थानाधिकारी अमृतलाल ने बताया कि अनुराधा और उसका पति उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। दोनों अब तक राजस्थान और मध्य प्रदेश में मिलकर करीब 25 फर्जी शादियां कर चुके हैं और हर जगह शादी के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठकर फरार हो जाते थे।

पुलिस के अनुसार, अनुराधा के अपने पति विशाल से 2 बच्चे भी हैं। इसके बावजूद वह शादी के लिए बार-बार खुद को अविवाहित बताती और आधार कार्ड में पिता का नाम बदलवा देती थी, ताकि उसकी असल पहचान सामने न आ सके।

तकनीकी जांच से मिला सुराग

पुलिस ने शादी के समय दिए गए शपथ पत्रों की जांच की, जिसमें अनुराधा का आधार कार्ड नंबर मिला। इसी आधार पर पुलिस ने उसका पूरा रिकॉर्ड खंगाला और कई तकनीकी जानकारियों निकाली। उसकी लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद उसे पकड़ा गया।

कई बार पकड़े जाने पर रुपए भी लौटाए

अनुराधा और विशाल के साथ एक दलाल भी होता था, जो रिश्ते करवाने में मदद करता था। विशाल खुद को अनुराधा का भाई बताकर सामने वाले परिवार से रिश्ता तय करता और शादी करवा देता। शादी के कुछ दिनों बाद अनुराधा घर से नगदी और जेवर लेकर भाग जाती थी।

पुलिस ने बताया कि कई बार पकड़े जाने पर ये लोग रुपए लौटा देते थे, जिससे कई मामले कोर्ट तक नहीं पहुंचे। लेकिन जहां ये पकड़े नहीं जाते, वहां लोगों की गाढ़ी कमाई को शौक-मौज में उड़ा देते थे। नागौर और एमपी में भी रुपए लौटाने की बात सामने आई है।

दलाल की तलाश जारी

फिलहाल पुलिस अनुराधा और उसके पति को जेल भेज चुकी है और अब तीसरे साथी दलाल की तलाश की जा रही है, जो इस पूरे ठगी गिरोह का हिस्सा है।

यह मामला एक बार फिर यह साबित करता है कि रिश्तों के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह समाज में सक्रिय हैं और लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। पुलिस की सतर्कता और तकनीकी मदद से इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ, लेकिन ऐसे और कितने लोग इनके जाल में फंसे होंगे, इसका पता अब जांच से ही चलेगा।

राजीविका की महिला संविदाकर्मी को 2500 की रिश्वत लेते पकड़ाःमहिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजनाओं में भ्रष्टाचार, लाभार्थी रखने के बदले ली घूस



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं में भी अब भ्रष्टाचार होने लगा है। चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला ब्लॉक में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) की टीम ने राजीविका विभाग की एक महिला संविदाकर्मी को 2500 रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

महिला कर्मचारी पर आरोप है कि उसने "लखपति दीदी योजना" और "पशु सखी योजना" में लाभार्थी को बनाए रखने के बदले 2500 रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद ACB ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

बीपीएम के पद पर कार्यरत है आरोपी महिला कर्मचारी

एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिला कर्मचारी का नाम ममता माली है, जो कि डूंगला के राजीविका विभाग में ब्लॉक परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) के पद पर संविदाकर्मी के रूप में कार्यरत है।

महिला की शिकायत के बाद एसीबी ने की कार्रवाई

एसीबी को शिकायत मिली थी कि ममता माली एक महिला लाभार्थी से "लखपति दीदी योजना" और "पशु सखी योजना" में लगातार बनाए रखने और नाम नहीं हटाने के बदले में 2500 रुपए रिश्वत की मांग कर रही है। महिला ने इस बारे में एसीबी को शिकायत दी थी।

शिकायत मिलने के बाद एसीबी रेंज उदयपुर के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन और चित्तौड़गढ़ एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। योजना के तहत ट्रैप कार्रवाई की गई।

रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

जैसे ही ममता माली ने परिवादिया से 2500 रुपए की रिश्वत ली, एसीबी की टीम ने उसे डूंगला स्थित राजीविका कार्यालय में रंगे हाथों पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम मौके पर ही अन्य कागजी कार्रवाई की और जांच में जुटी।

क्या है लखपति दीदी योजना और पशु सखी योजना

ये दोनों योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए चल रही हैं। लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए ट्रेनिंग दी जाती है।

वहीं पशु सखी योजना में महिलाओं को पशुपालन और पशुओं की देखभाल के लिए तैयार किया जाता है, जिससे वे गांवों में पशुओं की सेवा करके आय अर्जित कर सकें।

नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ की प्रयासों से स्वीकृत हुए लगभग 10 करोड़ की लागत के सड़कों के कार्य



24 न्यूज अपडेट

नाथद्वारा। माननीय विश्वराज सिंह मेवाड़ विधायक नाथद्वारा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र नाथद्वारा में निरंतर विकास कार्य स्वीकृत होकर आमजन को सौगात मिल रही है।

श्री मेवाड़ के प्रयासों से नवीन नोन पेचेबल सड़कों के कार्य स्वीकृत हुए हैं जिसके तहत करोली कड़िया घोड़ाघाटी सड़क से एन एच वाया करोली, बिलोता कोटड़ी से बेरन सड़क खेतपाल का गुड़ा से शिव सिंह का गुड़ा, सम्पर्क सड़क चराना, राजपुरा से सुरज बारी माताजी सड़क, पीर बावजी से छोगा जी का खेड़ा, सम्पर्क सड़क बामनिया कला, सम्पर्क सड़क ओड़ा, पाखंड से सथाना, चिकलवास मुख्य सड़क से तेमेला वाया मौकैला सड़क, धिन्धागढ़ से मड़का सड़क, सगरून से सलोदा का खेड़ा, सम्पर्क सड़क आशापुरा माता जी मन्दिर, सलोदा से सिरोही की भागल, झालो की मदार बाछेड़ा सड़क से मनोहर पुरा वाया भुकाला, मोलेला से गारियों की भागल सड़कों के कार्य शामिल है जो पीडबल्यूडी द्वारा किए जाएंगे।

इस तरह 10 करोड़ रुपए की लागत से कुल 33.50 किमी सड़कों के कार्य किए जाएंगे। ये कार्य होने से आमजन को राहत मिलेगी।

डूंगरपुर में कोरोना का दूसरा केसःनागेंद्र सिंह कॉलोनी में 38 वर्षीय युवक संक्रमित, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया सर्वे



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर शहर के नागेन्द्र सिंह कॉलोनी में दूसरा कोरोना पॉजिटिव केस सामने आया है। इससे पहले एक बुजुर्ग में कोरोना की पुष्टि हुई थी। कोरोना का दूसरा केस सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम मरीज के घर पहुंचकर उसे दवाइयों के साथ ही हिस्ट्री भी खंगाली जा रही है।

डूंगरपुर में कोरोना केस के मामले अब बढ़ते जा रहे है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने भी कोरोना की सैंपलिंग बढ़ा दी है। डूंगरपुर श्रीहरिदेव जोशी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में सर्दी जुकाम, बुखार के मरीजों की कोरोना सैंपलिंग की जा रही है। शहर के नागेन्द्र सिंह कॉलोनी का रहने वाला युवक (38) के शिकायत होने पर कल सोमवार को जांच करवाई थी। मंगलवार को आई रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि हुई।है। कोरोना के दूसरे मरीज के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग फिर से अलर्ट हो गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम नागेंद्र सिंह कॉलोनी पहुंची। जहां मरीज को दवाइयां दी जा रही है। वहीं, मरीज की हिस्ट्री लेकर आसपास के पूरे क्षेत्र में सर्वे का काम शुरू कर दिया है।

सीएमएचओ डॉ. अलंकार गुप्ता ने बताया कि कोरोना की सैंपलिंग के साथ ही मरीजों को भर्ती करने और इलाज के लिए पूरे इंतजाम किए गए है। लोगों से भी सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। डूंगरपुर में 2 दिन पहले ही एक बुजुर्ग में कोरोना की पुष्टि हुई थी।

एक चोर और एक नाबालिग को पकड़ाःपुलिस ने दो स्कूटी और 7 बाइक की बरामद



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा में बढ़ती चोरियों को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहा है। अभियान के तहत आज प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक एक्टिवा चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने एक चोर और एक नाबालिग को डिटेन किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी हुई एक्टिवा एक अन्य एक्टिवा और सात बाइक बरामद की हैं।

प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया ने बताया कि एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में टू व्हीलर चोरी की वारदात पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चले जा रहे हैं। एक एक्टिवा चोरी के मामले में एक चोर और एक नाबालिग को डिटेन किया है।

यह था मामला- संजय कॉलोनी में रहने वाले प्रहलाद राय पिता चांदमल गट्टयानी ने एक रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि गांधीनगर पुर रोड शिव कॉम्प्लेक्स के बाहर उन्होंने शाम 7 बजे अपना एक्टिवा खड़ी की थी और ऑफिस में किसी काम से गए थे, जब वो 15 मिनट बाद वापस लौट कर आए तो एक्टिवा नहीं थी, इसको लेकर थाने में एक रिपोर्ट दी गई, जिसकी सर्च के लिए एक टीम का गठन किया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तैयार किया रूट चार्ट

टीम ने आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक रूट चार्ट तैयार किया और लगातार लोकल पुलिसिंग और इनपुट के बाद आरोपी राधेश्याम को नामजद कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में इसने अपने साथ एक नाबालिग के भी वारदात में शामिल होना बताया, जिसे निरुद्ध किया गया। पुलिस ने इसके पास से चोरी की सात बाइक और दो एक्टिवा कुल 9 टू व्हीलर बरामद किए हैं, इससे डिटेल इन्वेस्टिगेशन जारी है I

ये थे टीम में शामिल- चोरी की वारदात का खुलासा करने में गठित टीम में प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया, हेड कॉन्स्टेबल सुनील, कॉन्स्टेबल राकेश कुमार, मुकेश सैनी, कुलदीप सिंह, टिंकू मीणा ओर पुखराज शामिल रहे।

भीलवाड़ा में नाकाबंदी पर रुकवाई स्विफ्ट से डोडा-चूरा बरामदःNCB जोधपुर से मिला था इनपुट, 2 गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए भीलवाड़ा पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत बड़लियास थाना पुलिस ने एक कार्रवाई को अंजाम स्विफ्ट कार से 36 किलो 320 ग्राम डोडा चूरा बरामद करते हुए कार को जब्त किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एनसीबी जोधपुर से मिला इनपुट

बड़लियास थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत ने बताया कि एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में भीलवाड़ा जिले में लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एनसीबी जोधपुर से मिले एक इनपुट जिसमें एक वाइट कलर की स्विफ्ट कार बीगोद की तरफ से भीलवाड़ा आ रही है इसमें दो व्यक्ति बैठे हैं उनके पास अवैध डोडा चूरा है।

प्लास्टिक के दो कट्टों में मिला अवैध डोडा चूरा

इस पर इन्फॉर्मेशन पर कार को नेशनल हाईवे 758 की बॉर्डर के गांव बन का खेड़ा के निकट रुकवाया और तलाशी ली तो इसमें प्लास्टिक के दो कट्टे मिले जिनमें अवैध डोडा चूरा भरा हुआ था। थाने लाकर वजन कराया तो ये 36 किलो 320 ग्राम पाया गया।

इनको किया गिरफ्तार


गोपाल सिंह (47) निवासी पारोली।

अक्षय सिसोदिया (28) निवासी जवाहर नगर प्रताप नगर भीलवाड़ा।

यह थे टीम में शामिल

कार्रवाई करने गई टीम में बड़लियास थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत, हेड कॉन्स्टेबल अशोक कुमार कड़वा(विशेष भूमिका), कॉन्स्टेबल संदीप, शैतान सिंह, विनोद कुमार और सुरज्ञान शामिल रहे।

'डिजिटल अरेस्ट' का नया जालः 75 वर्षीय बुजुर्ग से 23.56 लाख की ठगी, दिल्ली से मुख्य खाताधारक गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 03 जून साइबर ठगों ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर एक 75 वर्षीय बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए 23.56 लाख रुपये की बड़ी ठगी को अंजाम दिया है। जयपुर के इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य बैंक खाताधारक सुरेश कुमार जाट उर्फ सुरेंद्र पुत्र बलबीर सिंह निवासी अलसीसर जिला झुंझुनू हाल रोहणी नई दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी साइबर अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

कैसे फंसा बुजुर्ग ठगों के जाल में

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार ने बताया कि पीड़ित ने 27 मई, 2025 को जयपुर साइबर क्राइम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 23 मई को उन्हें दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल आए थे। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन से 'संजय कुमार' बताया। ठग ने पीड़ित को डराया कि उनके नाम से खरीदे गए एक मोबाइल नंबर का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग और आपत्तिजनक संदेश भेजने के लिए किया गया है। उसे बताया गया कि उसके खाते में 2.80 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है और उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी हो चुका है।

एसपी कुमार ने बताया कि ठगों ने मामले को और विश्वसनीय बनाने के लिए पीड़ित की बात सीबीआई के मुख्य जांच अधिकारी रोहित कुमार गुप्ता से करवाई। इस नकली अधिकारी ने भी वही बातें दोहराईं और पीड़ित को एक वीडियो कॉल पर एक अदालत का दृश्य दिखाया, जिसमें एक न्यायाधीश डेस्क पर बैठकर आदेश देते हुए दिख रहे थे। न्यायाधीश ने कथित तौर पर आदेश दिया कि यदि पीड़ित जिनका नाम संतोष कुमार भार्गव बताया गया, राशि जमा नहीं करते हैं, तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाए और उनके सभी खाते फ्रीज कर दिए जाएं। इस सुनियोजित जाल में फंसकर पीड़ित ने 26 मई, 2025 को कृष्णा सर्जिकल नाम के आईसीआईसीआई बैंक खाते में 23.56 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए।

साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सफलता

शिकायत मिलने के बाद साइबर क्राइम पुलिस थाना, जयपुर ने तुरंत एफआईआर संख्या 04/2025 दर्ज की और उप पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार मेवानी के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम और एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार के सुपरविजन में टीम ने गहन तकनीकी विधियों का उपयोग करते हुए आईसीआईसीआई बैंक खाते का विश्लेषण किया।

जांच में सामने आया कि 26 मई को इस खाते में पीड़ित सहित विभिन्न व्यक्तियों से लगभग 3 करोड़ रुपये जमा हुए थे और उसी समय नेट बैंकिंग के माध्यम से अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिए गए थे। यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत खाताधारक की पहचान कर ली। साइबर क्राइम पुलिस थाना से सहायक उपनिरीक्षक अजय कुमार और हेड कांस्टेबल दौलतराम के नेतृत्व में एक टीम तत्काल दिल्ली के लिए रवाना हुई।

टीम ने सुरेश कुमार जाट उर्फ सुरेंद्र को शुक्रवार 30 मई को उसके दिल्ली स्थित निवास से धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ चंडीगढ़ और सोनीपत के साइबर क्राइम पुलिस थानों में भी इसी तरह के धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। आरोपी फिलहाल पुलिस अभिरक्षा में है और उससे आगे की पूछताछ जारी है, जिससे इस बड़े साइबर धोखाधड़ी रैकेट के अन्य सदस्यों का भी खुलासा होने की संभावना है।

डिस्कॉम के कर्मचारी को 25 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाःफैक्ट्री के बिजली कनेक्शन का लोड कम करने की एवज मांगे थे रुपए



24 न्यूज अपडेट

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता कार्यालय नांदड़ी में कार्यरत हेल्पर द्वितीय तेजाराम को रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोपी कारखाने का लोड कम करने की एवज में रिश्वत ले रहा था।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया- 2 जून को परिवादी ने एसीबी के जोधपुर ऑफिस में उपस्थित होकर बताया कि उसका कारखाना है, जिसमें 31.5 एचपी का बिजली कनेक्शन ले रखा है। फिलहाल आवश्यकता नहीं होने के कारण विद्युत विभाग के नांदड़ी ऑफिस में लोड कम करने के लिए आवेदन दे रखा है। हेल्पर द्वितीय तेजाराम ने कहा कि इस काम के लिए जो रसीद कटेगी, उसके अलावा 29,000 रुपए खर्चे के अलग से देने पड़ेंगे, तभी तुम्हारा काम होगा। इस प्रकार वे परिवादी से अवैध रिश्वत राशि की मांग कर रहा था।

पावटा बस स्टैण्ड के पास रिश्वत लेते पकड़ा

इस पर हरेन्द्र महावर, उप महानिरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी जोधपुर शहर चक्रवर्ती सिंह राठौड़ द्वारा शिकायत का सत्यापन किया गया। आज इंस्पेक्टर सुनीता डूडी मय टीम द्वारा ट्रैप कार्रवाई करते हुए तेजाराम हेल्पर द्वितीय, एईएन कार्यालय नांदड़ी को पावटा बस स्टैण्ड के पास 25,000 रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।आरोपी से पूछताछ जारी है।

गोदारा गैंग के नाम से मांगी व्यापारी से दस करोड़ की रंगदारी



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राजधानी जयपुर की सोडाला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए रोहित गोदारा गैंग के नाम से कॉल कर एक स्टील व्यापारी को धमकाने और दस करोड़ रुपए फिरौती मांगने के मामले का खुलासा किया है. पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इनमें से तीन आरोपी एक निजी अस्पताल में काम करते हैं. यहां परिवादी की मां डायलिसिस करवाने आती है. यहीं से उन्होंने इस परिवार को निशाना बनाने की साजिश रची.

जयपुर (दक्षिण) डीसीपी दिगंत आनंद ने बताया कि स्टील व्यापारी को अज्ञात बदमाशों ने 27 मई को कॉल कर रोहित गोदारा गैंग के नाम से धमकी दी और दस करोड़ रुपए की फिरौती मांगी. पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर तकनीकी रूप से जांच की और सोडाला थानाधिकारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में टीम ने जयप्रकाश कुमावत, महेश कुमावत, लोकेन्द्र सिंह और लखन गुर्जर को गिरफ्तार किया.

अलवर के मजदूर के नाम से ली सिमः पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अलवर निवासी एक मजदूर के नाम से सिम ली थी. पुलिस मजदूर तक पहुंची तो सामने आया कि उसने कभी इस नंबर का उपयोग नहीं किया. इसके बाद तकनीकी रूप से पीछा कर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन, बाइक और मोबाइल जब्त किया है.

सट्टे की लत में कर्जा किया, चुकाने के लिए रची साजिशः उन्होंने बताया कि जयप्रकाश कुमावत इस वारदात का मुख्त सूत्रधार है, जो ऑनलाइन सट्टे का आदी है. उसने एक साल पहले निजी अस्पताल के डायलिसिस विभाग में नौकरी शुरू की और तीन महीने पहले नौकरी छोड़ दी. इसके बाद अपने चचेरे भाई महेश कुमावत को वहां नौकरी लगवा दी. जयप्रकाश का परिवार सांगानेर में रहता है. अस्पताल में नौकरी के दौरान उसकी लोकेन्द्र से जान-पहचान हुई. फिर जयप्रकाश, महेश व लोकेन्द्र एक ही फ्लैट में रहने लगे.

अस्पताल में परिवादी के ड्राइवर से दोस्तीः उन्होंने बताया कि परिवादी की मां डायलिसिस करवाने ड्राइवर सुनील यादव के साथ अस्पताल जाती थी, जहां लोकेन्द्र और जयप्रकाश ने ड्राइवर सुनील से दोस्ती कर ली. जयप्रकाश ने सट्टे की लत के कारण लोकेन्द्र सिंह से पांच लाख रुपए उधार लिए. उस पर और भी कर्जा है. कर्जा उतारने के लिए उन्होंने रंगदारी वसूलने की साजिश रची. उन्होंने डायलिसिस करवाने आने वाली महिला के परिवार को निशाना बनाने की ठानी और ड्राइवर सुनील से बातों-बातों में उनके घर, ऑफिस, फैक्ट्री और अन्य गतिविधियों के बारे में काफी जानकारी इकठ्ठा कर ली.

पुलिस की पड़ताल में सामने आया है कि साजिश के तहत 25 मई को जयप्रकाश कुमावत, महेश कुमावत और लोकेन्द्र सिंह अपने फ्लैट से गाड़ी लेकर गुर्जर की थड़ी पहुंचे. यहां लखन गुर्जर को साथ लिया और वहीं से एक नया की पेड मोबाइल लिया. उन्होंने एक ऑटो चालक से सिम में रिचार्ज करवाया. इसके बाद 27 मई को कॉल कर खुद को रोहित गोदारा गैंग का गुर्गा बताया और दस करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी. कॉल पर उन्होंने उसकी फैक्ट्री, घर, परिजनों और दिल्ली आने-जाने का भी जिक्र किया, ताकि घबराकर वह रंगदारी दे. आरोपियों ने 28 मई को भी उसे कॉल किया और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी.

जयपुर-बांदीकुई एक्सप्रेस-वे पर 150 रुपए का टोल टैक्स लगेगा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर से बांदीकुई के लिए बनाए नए एक्सप्रेस-वे पर टोल की दरों का निर्धारण कर दिया है। करीब 66 किलोमीटर के इस हाईवे पर कार ड्राइवर को 150 रुपए का टोल टैक्स देना पड़ेगा। इस हाईवे पर प्रति किलोमीटर 2.27 रुपए का टोल टैक्स वसूला जाएगा। एनएचएआई सूत्रों के मुताबिक इस हाईवे को इसी महीने शुरू कर दिया जाएगा।

बांदीकुई-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर बीच में 4 स्थानों पर एंट्री-एग्जिट पॉइंट बनाए गए हैं। इस डेडिकेटेड हाईवे को बनाने का उद्देश्य दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जयपुर को सीधे कनेक्टिविटी देना है। अभी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहन चालकों को दौसा में भांडारेज पॉइंट से उतरकर जयपुर-आगरा हाईवे से होकर जयपुर आना पड़ता है। इस दौरान इस हाईवे पर कई बार ट्रैफिक जाम मिलता है। इस स्थिति को देखते हुए नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने इस हाईवे से जयपुर को सीधे कनेक्टिविटी देने के लिए निर्माण किया है।

कम से कम 150 रुपए टोल

इस एक्सप्रेस-वे पर कार चालक को जयपुर से बांदीकुई तक जाने के लिए कम से कम 150 रुपए का टोल टैक्स देना पड़ेगा। हल्के कॉमर्शियल व्हीकल, मिनी बस, टेम्पो-ट्रैवल जैसे हल्के मालवाहक गाड़ियों को 245 रुपए, बस, बड़े ट्रक चालकों को 510 रुपए और बड़े कॉमर्शियल वाहन चालक (तीन धुरी वाले) को 555 रुपए का टोल टैक्स देना पड़ेगा। इसके अलावा इनसे बड़े अन्य दो वाहन कैटेगरी के लिए टोल टैक्स की दरें क्रमशः 800 और 975 रुपए निर्धारित की गई है।

इसी माह शुरू होगा हाईवे

इस हाईवे को पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए इसी माह शुरू कर देंगे। हालांकि अभी तक अधिकारिक तौर पर दिन निर्धारित नहीं किया है। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक इस हाईवे का काम पूरा हो चुका है। 4 लेन के इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण पर करीब 1368 करोड़ रुपए की लागत आई है।

सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर एग्जाम की मॉडल आंसर-की जारीःकैंडिडेट्स कल से दर्ज करा सकेंगे आपत्ति, 6 जून लास्ट डेट



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर (गृह विभाग) परीक्षा-2024 के अंतर्गत डीएनए डिवीजन, साइबर फोरेंसिक डिवीजन, नारकोटिक्स डिवीजन, फिजिक्स डिवीजन एवं टॉक्सिकोलॉजी डिवीजन विषय की मॉडल आंसर-की आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया-इन विषयों की परीक्षाओं का आयोजन 12 से 15 मई 2025 तक किया गया था। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल आंसर-की पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 4 से 6 जून 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही भरनी होगी। परीक्षा के मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाता है, तो उस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए 100 रुपए आपत्ति शुल्क (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन ऑब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज कराकर प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा अभ्यर्थी स्वयं भी रिक्रूटमेंट पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे पर भुगतान कर आपत्तियां दर्ज कर सकता है। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी।

आपत्तियां केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आपत्तियां केवल एक बार ही ली जाएगी। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 4 से 6 जून 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करने में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी recruitmen-thelpdesk@rajasthan.gov.in पर ईमेल से अथवा फोन नम्बर 9352323625 व 7340557555 पर संपर्क कर सकते हैं।

सैनिक कल्याण अधिकारी को 60 साल में रिटायर करने पर रोक



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राजस्थान हाईकोर्ट ने चूरू के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को 60 साल की उम्र पूरी होने पर आगामी 8 जुलाई को रिटायर करने पर रोक लगा दी है. अदालत ने कहा है कि याचिकाकर्ता को इस पद पर नई गाइड के तहत समान पद पर काम करते रहने दिया जाए. जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश पूर्व कैप्टन कंवर दलीप सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए.

याचिका में अधिवक्ता परीक्षित सिंह ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता भारतीय नौसेना से 55 साल की उम्र में कैप्टन पद से रिटायर हुआ था. इसके बाद उसे 19 दिसंबर, 2022 को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, चूरू के पद पर नियुक्त किया गया था. इस पद से उसे 8 जुलाई, 2025 को रिटायर होना था. इसी बीच 16 अक्टूबर, 2024 को राज्य सरकार ने इस संबंध में नई गाइडलाइन जारी कर दी. नई गाइडलाइन के बिंदु संख्या 4-डी में प्रावधान किया गया कि सैनिक कल्याण बोर्ड में कुल पांच साल की सेवा अथवा 65 साल की उम्र, जो भी पहले हो, उस समय सैनिक कल्याण अधिकारी को रिटायर किया जाएगा.

याचिका में कहा गया कि सैनिक कल्याण बोर्ड में नई गाइडलाइन का लाभ नहीं दिया जा रहा है. ऐसे में उसे 60 साल का होने पर आगामी 8 जुलाई को पद से रिटायर कर दिया जाएगा. जबकि नई गाइडलाइन के तहत वह दिसंबर, 2027 तक इस पद पर रहने के लिए पात्र है. इसलिए उसे 60 साल की उम्र में रिटायर ना कर नई गाइडलाइन का लाभ दिया जाए. जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को सेवा में बनाए रखने के आदेश दिए हैं.

कोविड में बेरोजगार हुए इंजीनियर ने बनाया सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म, 150 करोड़ से ज्यादा का किया लेनदेन, 3 जने पकड़े



24 न्यूज अपडेट

जिले में लगातार साइबर अपराध की कमर तोड़ रही अलवर पुलिस ने क्रिकेट और ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर इससे जुड़े मुख्य 3 आरोपियों को हिरासत में लिया है. इस गिरोह का मास्टरमाइंड सॉफ्टवेयर इंजीनियर नितिन पालीवाल बताया जा रहा है, जो 2021 में कोरोना महामारी के दौरान बेरोजगार हो गया था. इसके बाद इसने अपने साथी इंजीनियरों के साथ ऑनलाइन सट्टेबाजी का प्लेटफार्म तैयार किया. पुलिस जांच में अभी तक 150 करोड़ से ज्यादा का लेनदेन मिला है. पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी. एडिशनल एसपी डॉ. तेजपाल सिंह ने बताया कि पुलिस को आशंका है कि गिरफ्त में आया गिरोह, किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है. बड़ी मात्रा में राशि का लेनदेन हुआ है, इसके चलते एजेंसियों को भी इसके बारे में सूचित किया जाएगा. एडिशनल एसपी डॉक्टर तेजपाल सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले साइबर सेल को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया. इस टीम में उद्योग नगर थाना अधिकारी व साइबर सेल की टीम ने मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया. इस प्रकरण में तीन आरोपी नितिन पालीवाल, महेश शर्मा व पीयूष शर्मा को हिरासत में लिया गया. उन्होंने बताया कि गिरफ्त में आए तीनों आरोपी इंजीनियर हैं. आरोपी मिलकर अलवर में सट्टेबाजी का गिरोह संचालित करते थे.

उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग होने के चलते आरोपियों ने खुद ने अपनी वेबसाइट डेवलप की. डॉक्टर तेजपाल सिंह ने बताया कि आरोपी वर्चुअल करेंसी को क्रिएट कर इससे जुड़े लोगों में डिस्ट्रीब्यूशन करते हैं. आईडी पासवर्ड के माध्यम से प्लेयर्स इसमें एक्सेस लेते हैं. इसके बाद वर्चुअल करेंसी को खरीदकर ट्रांसफर करते हैं. पैसे के ट्रांसफर के लिए हवाला व बैंक अकाउंट का सहारा लेते हैं. इसके बाद आईपीएल सहित अन्य खेल में सट्टा लगाते हैं.

एडिशनल एसपी ने बताया कि आरोपियों ने 150 करोड़ रुपए की वर्चुअल करेंसी जनरेट की. पुलिस को डेढ़ सौ करोड़ रुपए के पैसे के ट्रांजैक्शन का ही अंदेशा है. भारी मात्रा में राशि का उपयोग होने के चलते एजेंसियों को भी सूचित किया जाएगा. आरोपियों ने करीब 30 से ज्यादा वेबसाइट को सट्टेबाजी के लिए डेवलप किया. साथ ही 60 हजार आईडी जनरेट किए. जो अभी एक्टिव हैं. आरोपियों के कब्जे से 6 मोबाइल, 2 लैपटॉप, हार्ड ड्राइव, 15 एटीएम कार्ड व गाड़ी जब्त की गई है. महादेव ऐप की तर्ज पर ही आरोपी अपने गिरोह को राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित अन्य जगहों पर संचालित कर रहे थे. आरोपियों को 6 जून तक रिमांड पर लिया गया है.

एसएमएस अस्पताल की बड़ी उपलब्धि, रोबोट तकनीक से की हर्निया की सफल सर्जरी



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सकों ने रोबोट द्वारा हर्निया की सफल सर्जरी को अंजाम दिया है. खास बात यह है कि अस्पताल के सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने पेंटालून (सैडल बैग) हर्निया की रोबोट तकनीक से कम ब्लड लॉस एवं छोटे चीरे द्वारा सफल ऑपरेशन किया.

सर्जरी विभाग के डॉ नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि दौसा निवासी मरीज हनुमान सहाय शर्मा जिनकी उम्र उम्र 42 है, उनके पेट के निचले हिस्से में एक गांठ बन गई थी. जो आमतौर पर हर्निया होने पर दिखाई देती है. जांच करने पर पता चला कि मरीज को लेफ्ट इन्गुइनल हर्निया की बीमारी है. मरीज को अस्पताल में भर्ती किया गया, इसके बाद सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने रोबोटिक सर्जरी करने का निर्णय लिया.

डॉक्टर शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान भी मरीज को डायरेक्ट एवं इन्डीरेक्ट दोनों टाइप का हर्निया सैक पाया गया. मरीज का ऑपरेशन रोबोटिक तकनीक की हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ प्रभा ओम के निर्देशन में डॉ भूपेन सोंग्रा की यूनिट में डॉ नरेंद्र शर्मा द्वारा सफलतापूर्वक किया गया.

मरीज पूरी तरह स्वस्थः ऑपरेशन में डॉ अमित गोयल, डॉ प्रवीण जोशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा. एनेस्थीसिया विभाग से डॉ सुनील चौहान, डॉ इंदु वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ सुनील शर्मा और सायर चौधरी का सहयोग रहा. डॉ नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन के पश्चात मरीज पूर्णतया स्वस्थ है. यह ऑपरेशन मुख्यमत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निशुल्क किया गया. इसमें सर्जरी यूनिट 6 का सहयोग रहा.

छोटीसादड़ी ब्लाइंड मर्डर का खुलासाः 15 दिन बाद पकड़ा गया नाबालिग आरोपी, चौंकाने वाला खुलासाः पोर्नोग्राफी और डर ने बनाया हत्यारा

24 न्यूज अपडेट

प्रतापगढ़ जिले की छोटीसादड़ी थाना क्षेत्र में 15 दिन पहले हुए एक ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को प्रतापगढ़ पुलिस ने एसपी विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया है, जिसने चौंकाने वाले कारणों से महिला की बेरहमी से हत्या करना कबूल किया है।

क्या था मामला ?

घटना 19 मई, 2025 की है, जब छोटीसादड़ी के माली मोहल्ले में एक महिला की हत्या की सूचना मिली। थानाधिकारी प्रवीण टांक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि गुड्डी बाई पत्नी कन्हैयालाल माली अपने घर के बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थीं। किसी अज्ञात व्यक्ति ने गला रेतकर उनकी हत्या कर दी थी। मृतक के रिश्तेदार रामचंद्र माली की रिपोर्ट पर छोटीसादड़ी थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस की मेहनत लाई रंग

मामले की गंभीरता को देखते हुए, एसपी विनीत कुमार बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह और पुलिस उप अधीक्षक गोपाल लाल हिंडोनिया ने खुद घटनास्थल का दौरा किया। साइबर टीम, एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक खास टीम बनाई गई।

पुलिस ने 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले टीम ने छोटीसादड़ी कस्बे के लगभग 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। रात में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की पहचान की गई और उनसे पूछताछ की गई। साइबर टीम ने भी तकनीकी जांच में अहम भूमिका निभाई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास घर-घर जाकर सर्वे किया और गुप्त जानकारी जुटाई और हत्या के आरोपी एक नाबालिग को डिटेन किया गया।

चौंकाने वाला खुलासाः पोर्नोग्राफी और डर ने बनाया हत्यारा

जांच के दौरान पुलिस को एक महत्वपूर्ण सुराग मिला। घटनास्थल से महज 30 मीटर दूर एक घर में रहने वाला एक नाबालिग लड़का घटना वाली रात देर रात तक अपने घर के बाहर मोबाइल चलाता हुआ पाया गया। उसकी गतिविधियों पर गोपनीय तरीके से नजर रखी गई। जब पुलिस टीम ने उसके अभिभावकों की मौजूदगी में उससे मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

पुलिस की जांच में सामने आया कि यह नाबालिग लड़का अक्सर गुमसुम रहता था और लंबे समय से पोर्न साइट्स देखने का आदी था। घटना की रात भी उसने पोर्न फिल्म देखी थी। देर रात करीब 1 बजे उसे पता था कि गुड्डी बाई जो एक विधवा महिला थीं, घर में अकेली रहती हैं। वह अपने साथ चाकू लेकर दीवार के सहारे गुड्डी बाई के घर में घुस गया। नाबालिग ने बताया कि जब उसने गुड्डी बाई के कपड़े हटाने की कोशिश की तो वह जाग गईं और उसे पहचानते हुए बोली मैं तुझे पहचान गई हूं।

यह सुनकर लड़का डर गया और उसने चाकू से गुड्डी बाई के गले पर वार कर दिया। गुड्डी बाई ने बचने के लिए काफी संघर्ष किया, जिससे लड़के के हाथों में भी चोटें आईं। लेकिन बार-बार चाकू के वार करने से उनकी मौत हो गई। हत्या के बाद नाबालिग ने गुड्डी बाई के दो मोबाइल फोन और चाकू अपने घर छिपा दिए। खून से सने कपड़े और चाकू भी छिपा दिए। बाद में पुलिस की सक्रियता को देखते हुए उसने दोनों मोबाइलों से सिम निकालकर सुनसान खंडहर में फेंक दिए ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके।

पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है। इस घटना का खुलासा करने में थाना छोटी सादड़ी से एसएचओ नारायण लाल, एएसआई जगदीश प्रसाद, हेड कांस्टेबल नरपत सिंह, कांस्टेबल रामराज, हरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शंभू सिंह सहित एसएचओ धोलापानी रविंद्र कुमार पाटीदार, साइबर सेल से एएसआई प्रताप सिंह एवं थाना प्रतापगढ़ के कांस्टेबल मानसिंह शामिल थे।

गुण नियंत्रण अभियान में विक्रय परिसरों एवं अन्य का प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर जब्ती एवं कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। राज्य सरकार द्वारा जारी गुण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गुण नियंत्रण अभियान में विक्रय परिसरों एवं अन्य का प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर जब्ती एवं एफसीओं के दिशा-निर्देशानुसार कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना में जिले में अभियान के दौरान ग्राम-समरपुरा तहसील कपासन चित्तौडगढ़ में सपित फर्म मै. मिट्टी विनायक प्राईम कैमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स प्रा.लि..का निरीक्षण आज सोमवार 02 जून को निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया कि फर्म के पास कृषि आयुक्तालय द्वारा जारी अनुज्ञापन पत्र (उर्वरक प्राधिकारी पत्र) उक्त प्राधिकार के अनुसार मै. फर्म मिट्टी विनायक प्रॉमिस फर्टिलाईजर (जैव उर्वरक) निर्माण एवं विक्रय हेतु अधिकृत है। चूकिं मौके पर निम्नानुसार छवद एफसीओं उत्पाद पाये गयेः-

उपरोक्त छवद एफसीओं उत्पाद का उत्पादन / भण्डारण एफसीओं की धारा 7, 8, 19 का उल्लंघन पाया जाना प्रतीत होता है अतः मौके पर विनिर्माण परिसर पर उपरोक्त सस्पेक्टेड नॉन एफसीओं उत्पाद जब्ती की कार्यवाही गवाहों के समक्ष की जाकर जांच हेतु नमूना आहरण (धारा फको 28 (1) क) की कार्यवाही की गयी एवं उपरोक्त जब्त माल को अग्रिम आदेशों तक विक्रय / खुर्द-बुर्द नहीं करने के निर्देश जारी किये गये। मौके पर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

उपरोक्त कार्यवाही के दौरान संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद् दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकर लाल उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा डॉ. प्रेमचंद वर्मा, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) भगवान सिंह कुम्पावत, कृषि अधिकारी रामजस खटीक, हीरालाल साल्वी, प्रशान्त कुमार जाटोलिया, गोपाल लाल एवं वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक रतन लाल पूर्विया एवं फर्म के मालिक जगदीश चन्द्र मौजूद रहे। उक्त निरीक्षक की टीम द्वारा की जा रही जब्ती का निरीक्षण अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) खण्ड भीलवाडा, इन्द्र कुमार संचेती द्वारा औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश जारी किये गये। उक्त समस्त कार्यवाही कम्पनी/फर्म मालिक जगदीश चन्द्र गदिया 7. 8 सुखरोती नगर चित्तौडगढ़ के समक्ष उर्वरक निरीक्षक एवं कृषि अधिकारी हीरालाल साल्वी द्वारा की गयी एवं समस्त गवाह कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहे।

श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में श्री राम कथा,तुलसी विवाह एवं सर्व जातीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। कनेरा कस्बे में संपूर्ण विश्व को श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का संदेश देने वाले प्रसिद्ध संत श्री शुकदेव मुनि की तपस्थली श्री सुखानंद महादेव के निकट स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला एवं कल्पवृक्ष धाम अनोपपुरा में चल रही श्री राम कथा के आठवें दिन तुलसी विवाह एवं सर्व जातीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ । समिति के सचिव गीतालाल पचोरिया एवं रामनारायण बीर ने बताया कि प्रातःकाल 7रू00 बजे राजस्थान के भीलवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़ जिले एवं मध्यप्रदेश के नीमच जिले से 9 बारातो का आगमन ढोल नगाड़ों के साथ गौशाला में हुआ वहीं ठाकुर जी की बारात का आगमन अनोपपुरा मेवाड़ से हुआ घोड़ी पर सवार होकर बैंड बाजों एवं ड्रोन से पुष्प पुष्टि के साथ ठाकुर जी की बारात के आगमन से वातावरण आनंदित हो उठा । विवाह सम्मेलन के संयोजक छगनलाल धाकड़ एवं फूलचंद धंधोलिया ने सभी 10 जोड़ों का पंजीयन किया उसके पश्चात सभी वर पक्ष द्वारा तोरण की परंपरा का निर्वहन किया गया सबसे पहले ठाकुर जी द्वारा तोरण की परंपरा का निर्वहन किया उसके पश्चात सभी जोड़ों ने भी तोरण की परंपरा निभाई उसके पश्चात गायत्री परिवार के आचार्य भेरूलाल बगड़,मूलचंद नायमा,तुलसीराम धाकड़ ने वैदिक मंत्रोच्चार से सभी जोड़ों का विवाह संस्कार संपन्न करवाया । कंवरलाल संगीतरा, बनवारी लाल धाकड़,दिलीप नायमा,राजेश धाकड़,मुकेश बगड़, चुन्नीलाल बगड़, किशोर संगीतरा,गीतालाल बगड़ ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में जोड़ों को वैदिक रीति से क्रिया कलाप संपन्न करवाए । दोपहर में सभी जोड़ों ने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया व्यास पीठ द्वारा सभी जोड़ों के समृद्ध एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई ।उसके पश्चात व्यास पीठ पर विराजित ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी महाराज के शिष्य पंडित नरेश शर्मा ने बताया कि गौशाला द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन समाज के लिए अनुकरणीय पहल हैश्री राम कथा प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि श्री राम कथा में माता शबरी को उनके गुरु ने आशीर्वाद दिया कि भगवान राम एक दिन तुम्हारे आश्रम पर आएंगे माता शबरी प्रतिदिन आश्रम पर आगमन की प्रतीक्षा करती शबरी के आश्रम पर भगवान आए एवं झूठे बेर खाए उसके पश्चात हनुमान जी के माध्यम से सुग्रीव का मिलन हुआ भगवान राम ने बालि का वध किया सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाया माता सीता की खोज आरंभ हुई हनुमान जी ने समुद्र को लांघकर लंका जाकर सीता की खोज की माता सीता का सारा वृत्तांत भगवान राम को सुनाया । कथा के समापन के अवसर पर पंडित शर्मा ने सभी उपस्थित मातृशक्ति एवं महानुभावों को प्लास्टिक के उपयोग को छोड़ने का संकल्प हाथ उठाकर कराया एवं बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण एवं गौ माता सहित जन जीवन के लिए बहुत खतरनाक है उन्होंने जहर मुक्त खेती के लिए भी प्रेरित किया । उसके पश्चात पंडित विष्णुदास वैष्णव ने गौशाला के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 1000 बीघा चारागाह भूमि पर यह गौशाला स्थित है गौशाला में वर्तमान में 500 गोवंश है । समापन पर महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें महंत लालनाथ महाराज, गौशाला अध्यक्ष पुष्कर कुमार शर्मा, संरक्षक कृष्णपाल सिंह,प्यारचंद धाकड़, जगपाल सिंह,उपाध्यक्ष सतीशचंद्र राठी, सचिव गीतालाल पचोरिया, भेरूलाल गाजी,बंशीलाल धंधोलिया, हीरालाल गाजी, पूर्व सरपंच नाथूलाल कहार,जगदीश गिरी, उमाशंकर बीर ,रामलाल चारण सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । कथा के समापन के अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन किया गया । कथा के दौरान पुष्पक कर्मवीर सेवा संगठन के माध्यम से निशुल्क आयुर्वेद नेचूरोथेरेपी दर्द निवारक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें थैरेपिस्ट प्रदीप राव मराठा, दीपिका बोरासी,ज्योति राठौड़, चंचल बैरागी, चंद्रशेखर मेनारिया द्वारा सेवाएं प्रदान की गई ।

ऑपरेशन सिंदूर में उदयपुर के 8 सदस्यीय टीम का हुआ भव्य स्वागत



24 न्यूज अपडेट

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पिछले दिनों पाकिस्तान से युद्ध की स्थिति को देखते हुए खुफिया सूचना संकलन के लिए सीआईडी उदयपुर से 8 सदस्यीय टीम को इंटेलिजेंस इनपुट्स ड्यूटी के लिए बॉर्डर क्षेत्र में गत 7 मई को भेजा गया था। जिनके बॉर्डर क्षेत्र में स्थिति सामान्य होने पर उदयपुर लौटने पर सीआईडी विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ श्री विक्रम सिंह चौहान सहित समस्त अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं उपरना ओढ़ा, मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर टीम के सदस्यो द्वारा बताया गया कि युद्ध की स्थिति के दौरान उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए बॉर्डर पर भेजा गया, जो उनके जीवन के लिए गौरव की बात है। टीम में धर्मेंद्र कुमार , योगेंद्र सिंह चूंडावत , कुलदीप सिंह, घनश्याम गर्ग,भगवत सिंह, कैलाश पाटीदार, रवीन्द्र सिंह, दिलीप कुमार शामिल थे।

दिनदहाड़े चाकू की नोक पर पदयात्रा से मारपीट कर मोबाइल छीन ले भागे

24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। भदेसर उपखंड क्षेत्र के आसावरा माता एवं सांवलिया जी सड़क मार्ग पर मंगलवार को खोड़ीप से निकले पाच पद यात्रियों में से एक पद यात्री से चाकू की नोक पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवार तीन जनों ने मारपीट कर पीड़ित युवक से मोबाइल छीन कर ले भागे जानकारी के अनुसार खोडीप निवासी मनोज कुमावत पुत्र चौन राम कुमावत उम्र 18 वर्ष अपने चार साथी हरीश कुमावत, पवन कुमावत, कन्हैयालाल कुमावत एवं शुभम बैरागी के साथ सांवलिया जी के लिए निकले थे।

आसावरा माता से कुछ दूर चलने के बाद तरजेला के समीप तीन अज्ञात बदमाश उनके पास पहुंचे तीनों ने बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर अपने मुंह बाध रखे थे । पीड़ित मनोज कुमार के समीप तीनों व्यक्ति पहुंचे एवं पहुंचते ही उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल पर लगा हुआ लकड़ी का डंडा निकाल लिया एवं जेब से चाकू निकालकर युवक के गर्दन पर लगा दिया एवं मारपीट करते हुए उससे मोबाइल छीन लिया एका एक हुई घटना से मनोज हड़बड़ा गया। उसके साथी कुछ ही दूरी पर आगे पीछे चल रहे थे कुछ पद यात्री प्रतापगढ़ जिले के निवासी थे वह भी पीछे आ रहे थे चिल्लाने पर सभी पद यात्री पहुंचे तब तक तीनों युवक मोटरसाइकिल से मंडफिया की तरफ भाग निकले घटना की सूचना भदेसर पुलिस थाना एवं मंडपीया पुलिस थाना दोनों को दे दी गई है घटना हुई वह दोनों पुलिस थानों की सरहद पर हुई है इसी के साथ 112 को भी घटना की जानकारी दे दी गई दिनदहाड़े लूट की इस घटना से हर कोई अचंभित है एवं अपने आप को डरा सा महसूस कर रहा है।

राजसमंद में 10 जून के बाद परिवहन विभाग करेगा कार्रवाई

1200 ओवरलोड वाहनों-390 भारी वाहनों की पेनल्टी-बकाया टैक्स जमा नहीं होने पर होगा एक्शन



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद में ई रवन्ना के ओवरलोड वाहनों का बकाया जुर्माना राशि व भारी वाहनों का वार्षिक टैक्स 10 जून तक जमा नहीं होने पर अब परिवहन विभाग कार्रवाई करेगा। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अधिकारी के अनुसार जिले में कुल 1200 के ई-रवन्ना से प्राप्त डेटा के आधार पर ओवरलोड चलने पर एमनेस्टी 2025 के तहत कुल 75.75 लाख रूपए की वसूली की जानी है। जिसके संदर्भ में कार्यालय स्तर पर सुनवाई के लिए नोटिस जारी कर अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

साथ ही जिले में कुल 390 भारी वाहनों भी वार्षिक कर बकाया चल रहा है। जिसके लिए भी सुनवाई एवं डिमांड नोटिस जारी किए गए है।

बकाया राशि वाले सभी वाहन मालिक 10 जून तक बकाया राशि जमा कराए। उसके बाद सभी वाहनों को राजस्थान मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 53 1 'ए' में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नियमानुसार वाहनों की आरसी केंसिल व परमिट निलंबन की कार्रवाई की जाएंगी।

महारूद्री यज्ञ में प्रतिदिन हो रहे है इक्कीस रूद्री पाठ



24 न्यूज अपडेट

राहुल पाटीदार कानोड़ | चोबीसा समाज द्वारा आयोजित नृसिंहेश्वर महादेव शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त नृसिंह वाटिका की यज्ञ शाला में महारुद्री यज्ञ हो रहा है । आचार्य फतह लाल शर्मा के निर्देशन में कर्मकाण्डी चौबीसा ब्राह्मण प्रतिदिन इक्कीस नमक चमक रूद्री पाठ कर आहुति दे रहे है । सहयोगी राजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि ग्यारह ऋत्विज व मुख्य यजमान प्रतिदिन आहुति दे रहे है जो पूर्णाहुति तक 121 पाठ पूर्ण होकर महारूद्र यज्ञ पूर्ण होगा इसी के साथ शिव मन्दिर में शिव परिवार की प्रतिष्ठापना होगी । मन्दिर में शिव परिवार के साथ कच्छप व हनुमान जी की भी मूर्ति होगी जिसकी स्थापना व ध्वजा दण्ड, कलश के लिए अलग अलग बोली लगाई जा रही है ।

संत अवधेशानन्द जी महाराज के आदेश से हो रही शिव मन्दिर की स्थापना

चौबीसा समाज के मुकेश पुरोहित ने संत अवधेशानन्द जी महाराज सूरजकुंड से आशीर्वाद लिया ओर संत अवधेशानन्द जी ने शिवलिंग देकर स्थापित कर मन्दिर बनाने की बात कही । पांच वर्ष पूर्व मुकेश अपने पांच साथियों के साथ सूरजकुंड संत दर्शन को गए तभी संत ने शिव मन्दिर बनाने की बात कही । शुरुआत में मुकेश व पांचों साथी मन्दिर निर्माण के लिए जमीन तलाशने लगे तब हरजी बुरजी की भांगल में जमीन पर मन्दिर व आश्रम बनाना तय हुआ , वहां एक स्थान पर जमीन का समतलीकरण किया पर विवाद होने से यह काम सफल नहीं हो सका। तब एक एक कर मुकेश के साथी छूटते गए पर दृढ संकल्प मुकेश पीछे न हटे ओर ब्रह्मपुरी स्थित भगवान नृसिंह मन्दिर परिसर में ही शिव मन्दिर बनाने के लिए सहमती बनाना शुरू किया तक मुकेश को समाज के प्रबुद्ध जन व युवाओं का सहयोग मिला ओर मन्दिर निर्माण शुरू हुआ। मन्दिर निर्माण पर शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समाज के सहयोग से भव्य किया जा रहा है ऐसे में मुकेश चौबीसों घंटे आचार्यों व पण्डितों की सेवा करते हुए यज्ञ मण्डप की देखरेख में ही रहते है । मुकेश ने बताया कि संत अवधेशानन्द जी महाराज के आदेश पालन के लिए उन्हीं के आशीर्वाद से मन्दिर निर्माण हुआ।

राजसमंद में 5 से शुरू होगा वंदे गंगा अभियानःकलेक्टर बोले- जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाएं



24 न्यूज अपडेट

प्रदेश में वंदे गंगा (जल संरक्षण जन अभियान) के अंतर्गत 5 जून से 20 जून तक जिला मुख्यालय से लेकर उपखंड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों व गांव, ढाणियों में जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में मंगलवार को राजसमंद कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने कलेक्ट्रेट में वंदे गंगा अभियान की तैयारी को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उपखंडों से आए एसडीएम, बीडीओ सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर असावा ने कहा कि वंदे गंगा अभियान महज औपचारिकता न रहे, ग्रास-रूट लेवल तक लोगों को गतिविधियों में जोड़े और जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता आए। जिले में अभियान पूरी एनर्जी और उत्साह के साथ टीम वर्क करते हुए आयोजित करें। 5 जून से लेकर 20 जून तक हर दिन हो रही गतिविधियों में कोई कमी न रहे और सभी विभाग अधिकतम प्रयासों से इसे सफल बनाएं।

5 जून को गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रैली, रन फॉर एन्वायरनमेंट, नर्सरियों की विशेष सफाई, तुलसी पौधों का वितरण, हरियालो राजस्थान के लिए गड्ढे खोदना, सीसीटी व एसजीटी कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

इसी दिन प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु शपथ, वन क्षेत्र में नेचर वॉक, ग्रीन ऑफिस इनिशिएटिव व एनर्जी ऑडिट की जानकारी, ईको-फ्रेंडली आर्ट निर्माण, नदियों, सरोवरों पर पूजन, कलश यात्रा, पीपल पूजन व पौधारोपण, एसएचजी के स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी व विक्रय, निबंध, भाषण, कविता प्रतियोगिताएं, बाल सभा, प्रभात फेरी, जल स्त्रोतों की सफाई व मरम्मत, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, जल मित्रों की शपथ, नुक्कड़ नाटक व चिह्नित स्थानों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित होंगे।

राज्यपाल बागड़े 5 को उदयपुर में

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 जून। प्रदेश के राज्यपाल श्री हरिभाउ किसनराव बागड़े 5 जून को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि राज्यपाल श्री बागड़े 5 जून को शाम 5.45 बजे राजकीय विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा 6..15 बजे भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय पहुंच कर पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात् श्री बागड़े सर्किट हाउस पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे। श्री बागड़े अगले दिन 6 जून को सुबह 9.40 बजे सिरोही के लिए प्रस्थान करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी 4 को उदयपुर में

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 3 जून। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी 4 जून को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री देवनानी 4 जून को सुबह 7.30 बजे विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सुबह 10..15 बजे भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय में पं दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवदर्शन हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगे। श्री देवनानी अपराह्न 3.20 बजे डबोक एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।